# टीसीआई का दूसरी तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन

मुंबई। ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई), भारत की अग्रणी इंटिग्रेटेड सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स सॉल्युशन्स प्रोवाइडर, ने आज 30 सितंबर, 2021 को समाप्त दूसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

टीसीआई का साल-दर-साल 20.3% और सिक्वेंशियल 18.6% की बढ़ोतरी के साथ ऑपरेशंस से राजस्व 737 करोड़ रुपए रहा। वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 66 करोड़ रुपए की तुलना में 104 करोड़ रुपए का एबिट्डा रहा। वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 10.6% एबिट्डा मार्जिन की तुलना में 14.1% मार्जिन रहा। वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 32 करोड़ रुपए के पीएटी की तुलना में इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 113% की बढ़ोतरी 68 करोड़ रुपए हुआ। वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 5.1% की तुलना में 9.2% पीएटी मार्जिन रहा। श्री विनीत अग्रवाल, प्रबंध निदेशक, टीसीआई ने कहा, पिछली तिमाही में अधिकांश उद्योग क्षेत्रों में वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके परिणामस्वरूप हमारी सभी सेवाओं और समाधानों के लिए अच्छा संकर्षण प्राप्त हुआ है। ग्राहकों ने टीसीआई पर भरोसा करना जारी रखा।